भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1119
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में धार्मिक पर्यटन का विकास

†1119. श्री हरीभाई पटेलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात में धार्मिक पर्यटन को विकसित करने की सरकार की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान इसके लिए आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) गुजरात में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत शामिल किए गए धार्मिक स्थलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रशाद योजना के अंतर्गत धार्मिक पर्यटक स्थलों पर तीर्थ पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए गुजरात सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। गुजरात में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रशाद योजना के तहत गुजरात राज्य में विकास के लिए सुनक, महेसाणा में श्री नीलकंठ महादेव मंदिर नामक एक स्थल को चिह्नित किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत बौद्ध परिपथ और विरासत परिपथ के तहत क्रमश 3 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है। स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत धोलावीरा और द्वारका नामक दो गंतव्यों को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा, एसडी 2.0 की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी), नामक उप-योजना के तहत पोरबंदर, थोल गांव और वडनगर को चिह्नित किया गया है।

गुजरात में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

****

अनुबंध

श्री हरीभाई पटेल द्वारा गुजरात में धार्मिक पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1119 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

गुजरात में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1	द्वारका का विकास	2016-17	13.08	10.46
2	सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36	45.36
3	सोमनाथ में सैरगाह का विकास	2018-19	47.12	47.12
4	सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर के साथ तीर्थयात्री प्लाजा का विकास	2021-22	49.97	0.00
5	अंबाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2022-23	50.00	10.54

गुजरात में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

परिपथ का नाम	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
विरासत परिपथ 2016-17	अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारडोली-दांडी का विकास	59.17	56.21
विरासत परिपथ 2016-17	वडनगर-मोढेरा का विकास	91.12	87.25
बौद्ध परिपथ 2017-18	जूनागढ़-गिरसोमनाथ-भरूच-कच्छ- भावनगर-राजकोट-मेहसाणा का विकास	26.68	22.28

गुजरात में पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु में)**
1.	केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको पर्यटन गंतव्य	99.50
2.	टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर, धोरडो	51.56

******